# अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की केंद्रीय कार्यकारिणी की सभा
# 4 March 2019

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की केंद्रीय कार्यकारिणी की सभा 4March 2019 (सोमवार) को दोपहर 1:30 ऋषभ विहार दिल्ली जैन मंदिर के प्रांगण में आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में संपन्न हुई जिसमें फोरम के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों एवं 12 शाखाओं के अध्यक्ष एवं सचिव सदस्यों ने भाग लिया| सभा का शुभारंभ श्री अभिषेक जैन, महासचिव Trans Hindon गाजियाबाद के मंगलाचरण के साथ किया गया |फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री के के जैन, DGM, SBI, ने सभा में पधारे सभी पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्य एवं शाखाओं के अध्यक्ष मंत्रियों का तिलक, माल्यार्पण एवं पटका पहनाकर स्वागत किया गया जिसमें समाज के अध्यक्ष श्री विजय कुमार जैन एवं मंत्री विपुल जैन ने भी सहयोग प्रदान किया। भगवान आदिनाथ एवं आचार्य श्री सुमति सागर जी महाराज के चित्र का अनावरण किया गया; चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया उसके उपरांत आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज का पाद प्रक्षालन श्री आरसी लोढ़ा जी संरक्षक, श्री के के जैन अध्यक्ष, श्री जे के जैन महासचिव, श्री अरविंद कुमार जैन संरक्षक, श्री राजेश कुमार जैन चेयरमैन जैन कोऑपरेटिव बैंक, CA आदिश जैन आदि ने किया। केंद्रीय महासचिव द्वारा दिनांक 08.09.18 को आगरा में आयोजित कार्यकारिणी की सभा की संक्षिप्त रिपोर्ट पढ़कर सुनाई एवं सर्वसम्मति से इसकी पुष्टि की गई। फोरम की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए श्री जे के जैन ने बताया कि 2016 में नियमित रूप से केंद्रीय कार्यकारिणी के गठन के उपरांत हर वर्ष केंद्रीय कार्यकारिणी की दो सभाएं आयोजित की जाती है । जिसमें देश के विभिन्न भागो से केंद्रीय पदाधिकारी गण एवं शाखाओं के महासचिव एवं अध्यक्ष भाग लेते हैं। इस वर्ष 1 अप्रैल 2018 से आज तक 06 नई शाखाओं का गठन किया जा चुका है, जिसे मिलाकर आज दिन तक देश के विभिन्न भागों में 21 शाखाएं खोली जा चुकी है। इस वर्ष भी राजस्थान में जोधपुर एवं भीलवाड़ा शाखा, मध्यप्रदेश में इंदौर एवं ग्वालियर शाखा का उत्तर प्रदेश में बरेली एवं कानपुर शाखा खोलने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने बताया कि हमारी शाखाएं जैन समाज के उत्थान हेतु 6 दिशाओं में कार्य कर रही हैं :

1. बैंकिंग ज्ञान एवं समस्याओं के निवारण हेतु संगोष्ठी एवं उसमें आने वाली समस्याओं को at the spot निराकरण करने की पूरी कोशिश की जाती है।

2. समाज के अल्प आय वर्ग के बच्चों को पढ़ाई हेतु बैंकों से ऋण प्राप्त करने में सहायता, फोरम के माध्यम से स्थापित तीर्थंकर आदिनाथ एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा स्कॉलरशिप एवं बच्चों के कैरियर हेतु Carrier Counselling की व्यवस्था की जाती है |

3. समाज संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु, निर्बल वर्ग क्षेत्रों में मेडिकल कैंप लगाए जाते हैं जिसमें Eye Camp, ब्लड प्रेशर चेक अप, सामान्य टेस्टिंग, कैंसर संबंधित जांच एवं मैमोग्राफी व्यवस्था की जाती है।

4. जैन समाज के ऋण संबंधी एवं अन्य समस्याओं का निराकरण हेतु संगोष्ठी का आयोजन।

5. जैन समाज की समस्याओं का निदान |

6. पर्यावरण में सुधार हेतु शाखाओं द्वारा वृक्षारोपण एवं उनके पोषण की व्यवस्था की जाती है।

उन्होंने शाखाओं को सुझाव दिया कि वे शाखाओं की संख्या बढ़ाने हेतु व्हाट्सएप ग्रुप में संबंध सदस्यों को वास्तविक सदस्यों के रूप में परिवर्तित करने का प्रयास करें।

जैन बैंकर फोरम के संरक्षक श्री आरसी लोढ़ा जी ने अपने संबोधन में कहा कि हमें फोरम को लंबे समय तक चलाने हेतु युवा जैन बैंकर को अधिक से अधिक संख्या में फोरम से जोड़ना होगा। हमारे फोरम का उद्देश शिक्षा, सेवा एवं समाधान है। उन्होंने कहा कि हमें के M N O के आधार पर यानि M=Membership, N = No. of Branches, O = Operational हमें अपनी शाखाएं देश के हर भाग में खोलनी होगी, उनकी सदस्य संख्या बढ़ानी होगी और उपरोक्त तीनों सेवाओं का सही रूप में क्रियान्वित करना होगा। हमें बैंक के साथ म्यूच्यूअल फंड्स, एनबीएफसी, फाइनेंस रिलेटेड एजेंसी एवं एलआईसी के सदस्यों को भी अपने साथ जोड़ना चाहिए। किसी भी फोरम की शाखाओं के निकटवर्ती क्षेत्रों के सदस्यों को भी के शाखा के साथ जोड़ा जाना चाहिए। हमारी पहचान हमारे द्वारा किए गए समाज सेवा के कार्य से ही जानी जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा घोषित बैकवर्ड सवर्णों हेतु 10% आरक्षण के लाभ के लिए हमें ग्रामीण क्षेत्रों के जैन बंधुओं को इस से जोड़ना होगा। हमें बैंक द्वारा घोषित योजनाओं को उनके पात्रों तक पहुंचाना होगा और उनकी शंकाओं का समाधान करना चाहिए ताकि सही रूप में हमारी समाज के लोगों तक उनका लाभ

पहुंच सके I उन्होंने कहा कि हम सभी का उद्देश्य Earning, Learning एवं Returning का होता है I सभी सेवानिवृत्त जैन बैंकर्स अर्निंग, लर्निंग तो कर चुके अब समय समाज को रिटर्निंग का है I हमें जोत से से जोत जलाने के आधार पर सदस्यों को अपने साथ जोड़ना है I

शाखाओं द्वारा अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए -

ललितपुर शाखा के अध्यक्ष श्री सनत जैन ने बताया कि उनकी शाखा का गठन 29.04.18 को किया गया था, मात्र छह माह से भी कम समय में हमारे कार्यों के आधार पर उनकी शाखा को सर्वश्रेष्ठ Emerging शाखा के अवार्ड से सम्मानित किया गया I उनके द्वारा पिछले वर्ष में एक कान्वेंट स्कूल में वृक्षारोपण, ललितपुर में आचार्य विद्यासागर जी के सानिध्य में संपन्न पंचकल्याणक में सक्रिय सहभागिता, अविकसित क्षेत्रों में कंबल का वितरण , गुरुकुल के 101 छात्रों को भोजन वितरण, समाज के दो व्यवसायियों को मुद्रा ऋण हेतु सहायता, चिकित्सा शिविर में कैंसर आदि का शिविर लगाया गया I शाखा की सदस्य संख्या बढ़ाकर 32 हो गई है एवं मारी मीटिंग में 80% सदस्यों की उपस्थिति रहती है I

गाजियाबाद शाखा के महासचिव श्री वीके जैन ने बताया कि उनके द्वारा तीन बच्चों को पढ़ाई हेतु आदिनाथ ट्रस्ट के द्वारा स्कॉलरशिप दिलाने में सहायता, एक बच्ची को बैंक से 500000 का शिक्षा ऋण दिलाने में सहायता, नेत्र चिकित्सा कैंप का आयोजन जिसमें 150 बच्चों की जांच की गई I महाराज सौरभ सागर जी द्वारा आयोजित 40 दिन के विधान में, 1 दिन का विधान शाखा की ओर से कराया गया, वृद्ध आश्रम में गर्म कपड़े, साड़ियां एवं भोजन का वितरण किया गया I 7 अक्टूबर 2018 को जयपुर की नई शाखा खोलने में सहयोग प्रदान किया I

जयपुर शाखा के महासचिव श्री बी सी जैन ने बताया कि 7 अक्टूबर को 25 सदस्यों से गठित शाखा के सदस्यों की संख्या 111 हो गई है I 80 वर्ष के पेंशनर को पेंशन रिवीजन कराने में सहायता प्रदान की I महिलाओं को Alternate Delivery Channels उपयोग करने की जानकारी दी गई, चित्रगुप्त जैन मंदिर में 48 दीपको के साथ भक्तामर पाठ का आयोजन किया गया I निकट भविष्य में उनके प्रयासों से जोधपुर एवं भीलवाड़ा शाखाओं का गठन किया जाएगा, बेरोजगार युवकों को रोजगार सृजन करने में सहायता, जनगणना 2021 में जैन बंधुओं में साक्षरता 100% करने का प्रयास किया जाएगा I

मुजफ्फरनगर शाखा के महासचिव श्री वाई के जैन ने बताया :

17 अक्टूबर को वहेलना मंदिर में सामूहिक लाडू का आयोजन किया गया, 70 बच्चों को गर्म जर्सी का वितरण किया गया, आंखों के कैंप में 50 बच्चों का निशुल्क ऑपरेशन कराया गया I 24. 3. 2019 को 250 लीटर का एक वाटर कूलर कॉलोनी में लगाया जाएगा एवं गरीब लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की जाएगी I

एटा शाखा के महासचिव श्री के के जैन ने बताया -एक शाखा में नॉन ट्रांजैक्शन कंप्यूटर लगाया गया, क्षेत्र के जैन समाज के सदस्यों को संदेश दिया गया कि किसी भी बैंक की समस्या हेतु हमसे संपर्क करें, उसका समाधान करने में सहायता की जाएगी, एक नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा I

मेरठ शाखा के महासचिव श्री नवनीत जैन ने बताया कि दशलक्षण पर्व पर कार्यक्रम आयोजित किए गए एवं बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए, तीन बच्चों को शिक्षा ऋण हेतु सहायता प्रदान की गई एवं हॉस्पिटल में फलों का वितरण किया गया I निकट भविष्य में बैंकिंग समस्याओं के निदान हेतु एक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा I

हिसार शाखा के महासचिव श्री एस के जैन ने बताया कि उनकी शाखा का गठन कुछ समय पूर्व ही हुआ हैI उनके द्वारा आने वाले समय में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में मेडिकल कैंप लगाए जाने की योजना है I

आगरा शाखा के महासचिव श्री एमके जैन ने बताया कि 02.12.18 को आगरा की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ, 05.12.18 को पुष्प बिहार कॉलोनी में बैंकिंग समस्याओं के समाधान हेतु शिविर शिविर लगाया गया, 14.12.18 को प्रधानमंत्री के "मन की बात" कार्यक्रम में उनके द्वारा पेंशन का मुद्दा उठाया गया।

नोएडा शाखा के अध्यक्ष श्री ओ बी जैन, DGM,OBC ने बताया कि उनके द्वारा अप्रैल माह में medical camp का आयोजन किया जाएगा, सर्दी के मौसम में कंबल का वितरण किया जाएगा समाज के लोगों की बैंकिंग समस्याओं का समाधान हेतु शिविर लगाया जाएगा।

ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के महासचिव श्री अभिषेक जैन ने बताया उनकी शाखा की सदस्य संख्या बढ़कर 37 हो गई है एवं हमारा टारगेट इसे 100 तक पहुंचाने का है। 02. 012019 को रात्रि के समय AIIMS एवं आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर कंबलओं का वितरण किया गया, 10. 2. 19 को कैलाश नगर में आचार्य ज्ञानसागर जी के सानिध्य में बुद्धिजीवी सम्मेलन में सहभागिता, 20.02.2019 को विवेक विहार मंदिर में बैंकिंग समस्याओं पर संगोष्ठी एवं समस्याओं का at the spot समाधान किया गया। इसी प्रकार की संगोष्ठी 17.03.2019 को बड़े गांव तीर्थ क्षेत्र पर आयोजित की जाएगी।

गुरुग्राम के अध्यक्ष श्री पवन कुमार जैन ने बताया कि गुरुग्राम के अविकसित क्षेत्रों में असहाय लोगों को कपड़े, फल, मिठाई आदि का वितरण किया गया, शिकोहपुर में 40 बच्चों के छात्रावास में भोजन वितरण एवं पौधा रोपण किया गया । निकट भविष्य में अविकसित क्षेत्रों में मेडिकल कैंप लगाए जाने का आयोजन, अष्टानिका में 108 सहस्त्र विधान का आयोजन किया जाएगा ।

इस अवसर पर जैन कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन श्री राजेश जैन ने भी अपने विचार रखे। फोरम के संरक्षक श्री अरविंद जैन, Retd ED, P&SB Bank ने मुद्रा ऋण के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी।

आचार्य श्री ने अपने आशीष वचन में जैन बैंकर फोरम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों की Negativity को Positivity में परिवर्तन करना होगा। हमें समाज मैं एक चार्जर्स के रूप में कार्य करना होगा ताकि समाज के लोग सही रूप में अपनी समस्याओं को हमारे सम्मुख प्रस्तुत कर सके एवं हम उनके निराकरण में सहायक बन सके। हमें युवा पीढ़ी का सही मार्गदर्शन करना होगा ताकि वह गलत रास्ते पर ना जा सके। स्टूडेंट को समय-समय पर मार्गदर्शन करना होगा ताकि वे सही दिशा चुन सके। समाज एवं बैंक कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु प्रयास करना होगा।

खुली चर्चा में महासचिव श्री जे के जैन ने सुझाव दिया कि forum में सदस्य संख्या बढ़ाने हेतु ऐसी दो शाखाओं को सम्मानित किया जाए जिन्होंने वर्ष में सबसे ज्यादा सदस्य संख्या बढ़ाई है। एक सदस्य ने सुझाव दिया कि 2 के स्थान पर 3 शाखाओं को सम्मानित किया जाए अतः सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि वर्ष 2019 से अधिकतम सदस्य संख्या बढ़ाने पर तीन शाखाओं को फोरम के वार्षिक उत्सव उत्सव में सम्मानित किया जाएगा। शाखा का सदस्य वह सदस्य माना जाएगा जिसका सदस्यता शुल्क प्राप्त हो चुका है।

अंत में अध्यक्ष श्री के के जैन जी द्वारा विभिन्न शाखाओं से पधारे सचिव अध्यक्षों एवं केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्यों का सभा में सहभागिता हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया साथ ही समाज के ऋषभ विहार के पदाधिकारियों का सुंदर आयोजन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया| इसी के साथ सायकालीन भोजन के साथ सभा का समापन किया गया।

जेकेजैन
केंद्रीय महासचिव